पश्चिम मध्य रेल
West Central Railway

महाप्रबंधक कार्यालय
जनसम्पर्क विभाग
जबलपुर

महाप्रबंधक की अध्यक्षता मे संरक्षा की समीक्षा बैठक आयोजित

सेफ्टी, स्टेशनों में यात्री सुविधाओं एवं क्राउड मैनेजमेंट पर हुई प्रमुखता से चर्चा

जबलपुर 20 अगस्त। पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में बुधवार 20 अगस्त 2025 को-आर्डिनेशन रिव्यु मीटिंग सम्पन्न हुई। बैठक में सेफ्टी, क्राउड मैनेजमेंट, रेलगाड़ियों के संरक्षित एवं सुरक्षित परिचालन पर जोर देने पर बात हुई। इसके साथ ही प्रमुखता से त्यौहारों पर रेलवे स्टेशनों में यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया एवं प्लेटफार्मों और ट्रेनों में क्राउड मैनेजमेंट और अन्य रेल सुविधाओं जैसे अनेक विषयों पर समीक्षा कर विचार-विमर्श किया गया।

महाप्रबंधक ने कहा कि संरक्षा पश्चिम मध्य रेलवे की प्राथमिकता हैं। उन्होंने ने संरक्षा एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने संरक्षा से सम्बंधित सुधारों को योजनाबद्ध तरीके से पालन करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने रेल पटरियों की आंतरिक संरचना की सूक्ष्म जाँच के लिए अल्ट्रासोनिक फ्लॉ डिटेक्शन (यूएसएफडी) तकनीक से मॉनिटर करना एवं टर्नआउट परिक्षण, ट्रैक परिक्षण, स्वीच इंस्पेक्शन जॉइंट्स परिक्षण से सबंधित कार्यो के सेफ्टी पर जोर देने की बात कही। मीटिंग के दौरान महाप्रबंधक ने आने वाले त्योहारों पर आगामी महीनों में दशहरा, दीपावली एवं छठ जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर यात्रियों को जयादा से ज्यादा रेल सुविधाओं का बेहतर लाभ सुनिश्चित किया जाय। प्रमुख भीड़ वाले स्टेशनों पर यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया बनाया जाय एवं प्लेटफार्मों और ट्रेनों में क्राउड मैनेजमेंट की सतत निगरानी हो, लिफ्ट/एस्क्लेटर की निरन्तर मॉनेटरिंग, सीसीटीवी कैमरे और अन्य रेल सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाय। त्योहारों के अवसर पर पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ होने वाली ट्रेनों में सामान्य श्रेणी के यात्रियों के आवागमन के लिए अलग से उचित व्यवस्था करना। स्टेशनों एवं ट्रेनों में सुरक्षा की दृष्टि से आरपीएफ एवं जीआरपीएफ द्वारा निरंतर 24X7 घंटे निगरानी सुरक्षा सुनिश्चित हो, साथ उनकी रेल यात्री सुविधाओं में स्टेशनों पर आवागमन हेतु प्रवेश/निकासी पर बेहतर सुविधा हेतु विशेष जोर देने की बात कही। इसके अतिरिक्त रेल यात्री सुविधाओं के अंतर्गत चल रहे अधोसरंचना निर्माण कार्य के तहत स्टेशन पर बनाये जा रहे फुट ओवर ब्रिज के कार्यो को समय-सिमा में पूर्ण करने में गति प्रदान करना है।

महाप्रबंधक ने आगामी होने वाले नासिक कुंभ मेला 2027 एवं महाकुम्भ सिंहस्थ उज्जैन 2028 मेला से सम्बंधित पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल एवं कोटा मण्डल में चल रही रेल परियोजनाओं और अन्य अधोसंरचनात्मक निर्माण कार्यों के निर्धारण, समाप्ति क्रियान्वयन और प्रगति की रेलवे की व्यापक स्तर की तैयारी सुनिश्चित करने के लिए विस्तार से चर्चा की।

श्रीमती बंदोपाध्याय ने विभागीय प्रमुखों और मंडल रेल प्रबंधकों को निर्देश दिए कि वे आगामी त्यौहारों के अवसर पर संरक्षा एवं सुरक्षा और यात्री सुविधाओं की विस्तारीकरण को प्राथमिकता देते हुए समय से ट्रेनों का संचालन सुनिश्चित करे।

इस बैठक में अपर महाप्रबंधक श्री प्रमोद कुमार खत्री एवं प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री प्रवीन खोराना, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री नीरज कुमार, प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत इंजीनियर श्री एकनाथ मोहकर, प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री आशुतोष, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री मनीष तिवारी, प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर श्री एम विजय कुमार, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री एस डी पाटीदार, प्रमुख मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर श्री मुकेश, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री मनोज कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री राजीव कुमार यादव, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. श्याम सुन्दर, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) श्री एम, एस हाशमी एवं सचिव महाप्रबंधक श्री राहुल जयपुरियार सहित मुख्यालय के अन्य विभाग के मुख्य विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। इसके आलावा जबलपुर, भोपाल एवं कोटा के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े।

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/312/2025 दिनांक 20.08.2025

सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें ।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर